शिक्षा, संस्कार, उत्कृष्टता

DRISHTI

# SSMV BULLETIN

## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला-बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email : info@ssmvcllg.com

College Code:010 & 981,Phone: 05732-296521,9258321276

प्रकाशन वर्ष –2024 | अवधि : जनवरी – मार्च | अंक – 20

**राष्ट्रीय सेवा योजना** दिनांक 19 जनवरी 2024 व दिनांक 24 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत 100 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज, राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति भारद्वाज, पुस्तकालयाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार शर्मा, बी0कॉम विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 लोकेश गोयल, शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डा0 संदीप कुमार, बी0ए0 विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 नरेंद्र कुमार, रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 नीरज कुमार, समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि एवं कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार व छात्र–छात्रायें इत्यादि उपस्थित रहे।

**सेमीनार** दिनांक 25 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा कार्य निर्धारण के विषय में एक आंतरिक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें एम0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। सेमीनार के संचालक समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह रहें।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस** दिनांक 25 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं व छात्र–छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जिन राज्यों में मतदान के प्रति जागरूकता ज्यादा है वहां मत का प्रतिशत भी ज्यादा है। मत प्रतिशत के कम होने से प्रजातंत्र के स्वरूप के खंडित होने का भय हमेशा बना रहता है। इसलिये हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी और कर्त्तव्य है कि मत प्रतिशत किसी भी परिस्थिति में कम ना हो। राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री धीरज कुमार ने बताया कि प्रत्येक नागरिक के लिये मतदान करना अहम् है क्योकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव ने किया।

**गणतंत्र दिवस** दिनांक 26 जनवरी 2024 को महाविद्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल, महाविद्यालय प्रबंधक श्री अनुराग गोयल, प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्यों एवं कार्यक्रम में पधारे गणमान्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रध्वज फहराकर किया गया। इस शुभ–अवसर पर प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय की उपलब्धियों तथा आगामी योजनाओं के विषय में सभी सम्मानित अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रबंधक श्री अनुराग गोयल द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहीं तथा संचालन वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज, रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 नीरज कुमार तथा बी0एड0 विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री रूचि राघव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकायें एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**शहीद दिवस** दिनांक 30 जनवरी 2024 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता द्वारा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उन्होने कहा कि गांधी जी के विचारों पर चलकर ही देश अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव ने गांधी जी के बताये अहिंसा मार्ग पर चलने के लिये सबको प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री धीरज कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकायें एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**पेंटिंग प्रतियोगिता** दिनांक 7 फरवरी 2024 को महाविद्यालय के कला विभाग द्वारा एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0ए0 की छात्राओं आरती शर्मा, कल्पना गोस्वामी, प्रियंका, नीतू, याचना भारद्वाज इत्यादि ने भाग लिया। छात्राओं द्वारा बहुत आकर्षक पेंटिंग बनायी गयीं जिसमें वास्तुकला के भारतीय कलाकार अमृता शेरगिल, दृश्य चित्रण आदि को अपनी पेंटिंग में उभारा, जिससे भारतीय कला के विकास की ओर समाज अग्रसर हो। कार्यक्रम का सफल संचालन कला विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री भक्ति सिंह ने किया।

**बसंत पंचमी कार्यक्रम** दिनांक 14 फरवरी 2024 को महाविद्यालय प्रांगण में बसंत पंचमी के शुभ–अवसर पर मां सरस्वती पूजन एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान के रूप में महाविद्यालय अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल एवं उनकी धर्मपत्नी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने विमल विवेक की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

**शूटिंग रेंज का उद्‌घाटन एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता** दिनांक 19 फरवरी 2024 को महाविद्यालय परिसर में एक भव्य कार्यक्रम ''उडान'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार शुक्ला, आई0ए0एस (प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन), कार्यक्रम अध्यक्ष श्री श्लोक कुमार, आई0पी0एस (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर) एवं श्रीमती रचना श्रीवास्तव (Vice President & Head HR, Motherson Technologies & Systems Ltd.) द्वारा 39 यू0पी0 बटालियन, एन0सी0सी0, खुर्जा शूटिंग रेंज का उद्‌घाटन करके किया गया। कार्यक्रम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विभिन्न इवेन्टस का प्रदर्शन भी किया गया जैसे 400 मी0 हर्डल रेस, 110 मी0 हर्डल रेस (पुरूष वर्ग), 100 मी0 हर्डल रेस (महिला वर्ग) तथा हैमर थ्रो का प्रदर्शन किया गया। 110 मी0 बाधा रेस (पुरूष वर्ग) में विशाल कुमार, बी0एस–सी0 बायो0 प्रथम तथा अरूण कुमार, एम0एस–सी0 रसायन ने प्रतिभाग कर अच्छा प्रदर्शन किया। 100 मी0 बाधा रेस (महिला वर्ग) में कु0 नीरू व कु0 शिवानी, बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर व हैमर थ्रो में कु0 खुशी, बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर तथा कु0 रिंकी बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर ने प्रतिभाग कर अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्धक श्री अनुराग गोयल, प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, एन0सी0सी0 के

**महाविद्यालय में संचालित पाठ्‌यक्रम**

- एम०एड० (दो वर्षीय)
- बी०एड० (दो वर्षीय)
- एम०एस–सी० गणित
- एम०एस–सी० रसायन विज्ञान
- एम०एस–सी० बायोटेक्नोलॉजी
- एम०ए० गृह विज्ञान
- एम०ए० समाजशास्त्र
- बी०एस–सी० गणित
- बी०एस–सी० बायोलॉजी
- बी०एस–सी० बायोटेक्नोलॉजी
- बी०सी०ए०
- बी०कॉम०
- बी०ए० (केवल छात्राओं हेतु)
- एन०सी०सी०, एन०एस०एस०

सी0ओ0, उप प्रबन्धक श्री संदीप जैन तथा सरस्वती विद्या मन्दिर लॉ कालिज के प्रबन्धक श्री विपिन बंसल आदि उपस्थित रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के संयोजक शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह, सहायक प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज तथा बी0सी0ए0 विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह रहे।

**उड़ान कार्यक्रम** दिनांक 19 फरवरी 2024 को महाविद्यालय परिसर में एक भव्य कार्यक्रम ''उडान'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार शुक्ला, आई0ए0एस (प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन), कार्यक्रम अध्यक्ष श्री श्लोक कुमार, आई0पी0एस (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर) एवं श्रीमती रचना श्रीवास्तव (Vice President & Head HR, Motherson Technologies & Systems Ltd.), महाविद्यालय अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल, प्रबन्धक श्री अनुराग गोयल, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार मित्तल एवं उप प्रबन्धक श्री संदीप जैन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बी0सी0ए0 की छात्रा आंचल द्वारा प्रथम पूज्य श्री गणेश की वंदना लोक नृत्य के माध्यम से की गयी। वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों का परिचय कराया गया व शॉल द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार ने अपने उद्बोधन में बताया कि हर व्यक्ति की अपनी कहानी होती है और अपनी कहानी का वह स्वयं हीरो होता है। वह सब कुछ अपनी मेहनत से हासिल करता है एवं अच्छाई व मानवीय मूल्यों को अपनाते हुये एक अच्छा इंसान बनता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज के निर्देशन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती रचना श्रीवास्तव ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुये बताया कि छात्रों को अपने व्यक्तित्व को निखारते हुये निरन्तर अपने लक्ष्य की ओर उडान भरना है। विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सबसे पहले छात्रों को योग नियमों को अपनाते हुये स्वस्थ रहकर प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढना चाहिये। किसी भी स्थिति में हिम्मत नही हारना चाहिये। अन्य भाषाओं के ज्ञान को भी बढावा देना चाहिये। शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों हेतु बी0सी0ए0 के छात्र अभिषेक शर्मा, बी0ए0 की छात्रा पल्लवी गर्ग, विज्ञान वर्ग की छात्रा खुशबू को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान के लिये गणित विभाग के विभागाध्यक्ष श्री मंदीप सिंह व बी0सी0ए0 विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री पीयूश मोहन को श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। एन0सी0सी0 के सी0टी0ओ0 के रूप में योगदान के लिये बी0एड0 विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती शालिनी शर्मा को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सफल प्रशासन में योगदान देने हेतु कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्युत व्यवस्था के सफल संचालन हेतु श्री हरीश शर्मा व दफ्तरी का कार्य कुशलतापूर्वक करने हेतु श्री हवलदार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की समापन बेला में महाविद्यालय प्रबन्धक श्री अनुराग गोयल ने अतिथियों व उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही यह संदेश भी दिया कि कुछ भी असंभव नही यदि हम कोशिश करें। कार्यक्रम का सफल संचालन बी0एड0 विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री रूचि राघव ने किया।

**सेमीनार** दिनांक 23 फरवरी 2024 को महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा एक सेमीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय "Microorganisms" रहा। सेमीनार में एम0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी द्वितीय सेमेस्टर के सभी छात्रों ने भाग लिया और Microorganisms के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये। सेमीनार के संचालक बायोटेक विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 भीम सिंह रहे। सेमीनार में विभाग के सहायक प्राध्यापक डा0 अमरजीत सिंह, सहायक प्राध्यापिका सुश्री भूमिका वार्ष्णेय ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये।

**मतदाता जागरूकता रैली** दिनांक 24 फरवरी 2024 को महाविद्यालय परिसर में 39 यू0पी0 बटालियन एन0सी0सी0 खुर्जा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक रैली का आयोजन कमाडिंग ऑफिसर श्री योगेन्द्र सिंह नेगी एवं एडम सर श्री अभिमन्यु प्रताप सिंह, सूबेदार मेजर श्री कैलाश सिंह राघव के निर्देशानुसार किया गया। रैली में लगभग 65 एन0सी0सी0 कैडेटस ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य हर नर व हर नारी को मतदान के प्रति जागरूक करना रहा। रैली का शुभारम्भ रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 नीरज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। एन0एस0सी0 के सी0टी0ओ0 श्री राहुल भारद्वाज, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह, बी0सी0ए0 विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह व कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार इत्यादि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**प्रसार शिक्षण कार्यक्रम** दिनांक 27 फरवरी 2024 को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्रसार शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एम0ए0 की छात्राओं मोनिका, आंचल, साक्षी, इंदु, गौरी, मोनी आदि ने ग्रामीण लोगों को उनकी समस्याओं के प्रति जागरूक करने के लिये प्रसार सहायक सामग्री तैयार की जैसे पोस्टर, फ्लैश कार्ड, कठपुतली आदि। कार्यक्रम की संयोजिका गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री निधि गुप्ता रहीं तथा कार्यक्रम का सफल संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री भावना चौधरी ने किया।

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस** दिनांक 28 फरवरी 2024 को महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जो महान वैज्ञानिक तथा नोबेल पुरस्कार विजेता डा0 सी0 वी0 रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को रमन इफेक्ट की खोज किये जाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम **''विकसित भारत के लिये स्वदेशी तकनीक''** रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता एवं विज्ञान संकाय के समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा डा0 सी0 वी0 रमन के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया गया। तदोपरान्त बायोटेक विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 भीम सिंह, रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 नीरज कुमार तथा वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज द्वारा विकसित भारत के लिये स्वदेशी तकनीक थीम पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को आगे बढाते हुये ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन डिप्लिशन तथा पर्यावरण आदि विषयों पर एक स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान संकाय के समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न खोजों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की संयोजिका वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहीं।

**राष्ट्रीय सेवा योजना** दिनांक 02 मार्च 2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अतंर्गत एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन गांव दरगाहपुर बांसोटी में किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत 100 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा साफ–सफाई की गयी। इस अवसर पर एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह, प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज, राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति भारद्वाज, ग्राम प्रधान श्री लाला राम, समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि, कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार एवं छात्र–छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

**मतदान जागरूकता** दिनांक 05 मार्च 2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीकृत 100 छात्र–छात्राओं द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के तत्वाधान में **''मेरा पहला वोट देश के लिये''** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह ने छात्र–छात्राओं को मतदान की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति भारद्वाज, वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज, कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**एक दिवसीय सामान्य शिविर** दिनांक 06 मार्च 2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अतंर्गत एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत 100 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई की गयी। इस अवसर पर एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह, प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज, राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति भारद्वाज, ग्राम प्रधान श्री लाला राम, समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि, कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार एवं छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे।

**स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम** दिनांक 07 मार्च 2024 को महाविद्यालय परिसर में स्मार्ट फोन / टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुश्री प्रियंका गोयल– उपजिलाधिकारी शिकारपुर, महाविद्यालय अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल, महाविद्यालय कोषाध्यक्ष श्री अनिल मित्तल, सरस्वती विद्या मन्दिर लॉ कालिज के प्रबन्धक श्री विपिन बंसल व कोषाध्यक्ष श्री जयप्रकाश गर्ग आदि द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्पार्चन करके किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 194 छात्रों को स्मार्ट फोन एवं 79 छात्रों को टेबलेट वितरित किये गये। प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय की

उपलब्धियां बताते हुये सरकार द्वारा स्मार्ट फोन / टेबलेट वितरण के उद्देश्य को स्पष्ट कर बताया कि कोविड के समय ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा में आई समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये भारत सरकार ने छात्रों की सुविधा के लिये स्मार्ट फोन / टेबलेट वितरित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी शिकारपुर सुश्री प्रियंका गोयल ने अपने उद्बोधन में छात्रों को बताया कि वितरित किये गये स्मार्ट फोन / टेबलेट का उपयोग शिक्षा से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण, नई जानकारी प्राप्त करने, आजीविका पाने व अन्य जीवन उपयोगी कार्य को पूर्ण करने के लिये ही किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज एवं सहायक प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय सेवा योजना** दिनांक 09 मार्च 2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत 100 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह, प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज, राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति भारद्वाज, समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि, कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार एवं छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे।

**अतिथि व्याख्यान** दिनांक 11 मार्च 2024 को महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता डी0 जे0 कॉलिज, बडौत के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा0 स्नेहवीर पुण्डीर द्वारा सर्वप्रथम मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। उन्होने अपने वक्तव्य में देश की स्वतंत्रता में आंदोलन की भूमिका को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत की स्वतंत्रता के लिये अंग्रेजों के विरूद्ध आंदोलन दो प्रकार का था, एक अहिंसक आंदोलन और दूसरा सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन। महात्मा गांधी व भगत सिंह पर प्रकाश डालते हुये उन्होंनें कहा कि भगत सिंह ने अपना बलिदान क्रांति के उद्देश्य के प्रचार के लिये दिया था और जनता में जागृति लाने का कार्य महात्मा गांधी के चुम्बकीय व्यक्तित्व ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव तथा संचालन सहायक प्राध्यापक श्री धीरज कुमार ने किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना** दिनांक 11 मार्च से 17 मार्च 2024 तक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत एक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गांव दरगाहपुर बांसौटी में किया गया। कार्यक्रम में सेवा योजना में पंजीकृत 100 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के प्रथम दिवस पर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिविर के द्वितीय दिवस पर छात्र–छात्राओं द्वारा गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पौधे लगाये गये। शिविर के तृतीय दिवस पर गांव में साक्षरता अभियान चलाया गया जिसमें छात्र–छात्राओं द्वारा घर–घर जाकर अनपढ लोगो को अक्षर ज्ञान कराया गया। शिविर के चतुर्थ दिवस पर गांव में स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष की छात्रा इकरा परवीन, द्वितीय स्थान बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा रितिका शर्मा तथा तृतीय स्थान बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा टीना राघव ने प्राप्त किया। शिविर के पंचम दिवस पर गांव में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र–छात्राओं द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी तथा ग्रामवासियों को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम अधिकारी व समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह ने बताया कि चुनाव देश के मजबूत लोकतंत्र का प्रतीक है इसलिये देश के हर नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। शिविर के छटवें दिवस पर गांव में शारीरिक स्वास्थ्य अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रोग और उनके उपचार की जानकारी ग्रामवासियों को दी गयी। शिविर के सातवें दिवस पर समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नाटक, सामूहिक गीत, एकल गीत, एकल भाषण तथा कविता इत्यादि प्रस्तुत किये गये। समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा0 राजकुमार सिंह, ग्राम प्रधान श्री लाला राम, ग्राम निवासी श्री मनवीर सिंह, श्री विजयपाल सिंह, श्री सुखबीर सिंह, श्री अनिल, श्री सुरेन्द्र , महाविद्यालय शिक्षक श्री ब्रजपाल सिंह, श्री राहुल भारद्वाज, श्री संभव सिंघल, कार्यालय प्रमुख श्री गुणेश कुमार एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**सेमीनार** दिनांक 13 मार्च 2024 को महाविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा एक दिवसीय विभागीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें एम0एड0 प्रथम सेमेस्टर के समस्त छात्र–छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों ने भाग लिया। सेमीनार का शुभारम्भ महाविद्यालय उप प्राचार्या श्रीमती कविता रानी एवं शिक्षा संकाय के समस्त सहायक प्राध्यापकगणों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्पार्चन करके किया गया। श्रीमती कविता रानी ने छात्रों को सेमीनार की उपयोगिता व महत्ता बताते हुये बताया कि अभी तो छात्र विभागीय सेमीनार में अपने पेपर पढ रहे हैं लेकिन भविष्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगें। सेमीनार में छात्रों द्वारा पावर पांइट प्रेजेंटेशन बहुत प्रभावी ढंग से दिखाया गया एवं विषय वस्तु को बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया गया। अंत में उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुये सेमीनार का समापन किया गया। सेमीनार के संयोजक शिक्षा संकाय के सहायक प्राध्यापक डा0 संदीप कुमार व उपसंयोजक सहायक प्राध्यापक श्री गजेंद्र पाल सिंह रहे।

**वर्कशॉप** दिनांक 15 मार्च 2024 को महाविद्यालय के बी0कॉम संकाय द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका विषय "Computerized Accounting ( Tally)" रहा। वर्कशॉप में बी0कॉम संकाय के समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया। वर्कशॉप के संयोजक बी0कॉम संकाय के सहायक प्राध्यापक श्री मनीश कुमार, सह संयोजक विभागाध्यक्ष श्री सुनील कुमार एवं सहायक प्राध्यापिका सुश्री सलोनी भटनागर रहे।

**लीडर्स एवार्ड** दिनांक 16 मार्च 2024 को दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल में लीडर्स एवार्ड 2024 समारोह का आयोजन हुआ जिसमें श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय को मोस्ट इमर्जिंग इंस्टीटयूट आफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय को विगत 23 वर्ष से ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा में विशिष्ट योगदान के लिए यह एवार्ड प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार लोकसभा की प्रोटेम स्पीकर रमा देवी ने महाविद्यालय प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता को प्रदान किया। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज भी उपस्थित रहीं। महाविद्यालय की प्रबंध समिति एवं शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं ने उक्त पुरस्कार प्राप्त करने पर प्राचार्य महोदय व एक दूसरे को बधाई दी।

**वस्त्र परिधान कार्यक्रम** दिनांक 22 मार्च 2024 को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा वस्त्र परिधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभाग की छात्राओं मनी, मानिका, आंचल, निशु, इंदु, गौरी इत्यादि ने भाग लिया। छात्राओं ने बहुत ही आकर्षक वस्त्र डिजाइन किये जिसमें डिजाइनर ब्लाउज, कुर्ते, कुर्ता सूट आदि तैयार किये गये। विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री निधि गुप्ता ने छात्राओं को समझाया कि वस्त्र सिलने से पूर्व महत्वपूर्ण प्रक्रिया को ध्यान में रखना चाहिये जैसे मापन, ड्राफ्टिंग प्रक्रिया, पेपर पैटर्न और उसके बाद कपडें की कटिंग करने के बाद ही स्टिचिंग प्रक्रिया करनी चाहिये। वस्त्र व्यक्ति की दूसरी प्राथमिक आवश्यकता है जो व्यक्ति को उसके व्यक्तित्व से परिचित कराता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री भावना तौमर ने किया।

**पुरातन छात्र सम्मेलन** दिनांक 23 मार्च 2024 को महाविद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय के पूर्व छात्र डा0 सौरभ शर्मा (रजिस्ट्रार, एस0आर0एस0 विश्वविद्यालय, रामपुर), विशिष्ट अतिथि डा0 गिरीश शर्मा (मैनेजर, जी0टी0एक्स टेक्नोलॉजी), महाविद्यालय प्रबन्धक श्री अनुराग गोयल, उप प्रबन्धक श्री संदीप जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री अनिल मित्तल आदि द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 नीरज कुमार द्वारा आगन्तुक अतिथियों का परिचय कराया गया। प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या उपस्थित अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डा0 सौरभ शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुये बताया कि इच्छा और संकल्प में अंतर होता है। इच्छा परिवर्तित हो सकती है परंतु संकल्प स्थिर होता है जो हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचाता है। विशिष्ट अतिथि डा0 गिरीश शर्मा ने महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के समापन पर वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगन्तुक अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया तथा सभी पुरातन छात्रों को उपहार भेंट किये। कार्यक्रम का सफल संचालन बी0सी0ए0 विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय झलकियां



राष्ट्रीय सेवा योजना



राष्ट्रीय सेवा योजना



सेमीनार



गणतंत्र दिवस



गणतंत्र दिवस



बसंत पंचमी कार्यक्रम



उड़ान कार्यक्रम



उड़ान कार्यक्रम



राष्ट्रीय सेवा योजना



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



मतदान जागरूकता



स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम



स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम



अतिथि व्याख्यान




सेमीनार




लीडर्स एवार्ड



मतदाता जागरूकता रैली



पुरातन छात्र सम्मेलन



पुरातन छात्र सम्मेलन



एन.सी.सी. रैली

बुक–पोस्ट

सेवा में, ______________________

______________________

______________________

______________________

**महाविद्यालय विशेषतायें एवं सुविधायें:-**

- संस्कारी एवं अनुशासित वातावरण में रोजगारपरक उच्च शिक्षा।
- शांत, सुंदर व हरियाली युक्त परिसर।
- आई०सी०टी०, कम्प्यूटर लैब व स्मार्ट क्लासेज।
- सुव्यवस्थित प्रयोगशालायें तथा कक्षायें।
- पर्याप्त पुस्तकों सहित कम्प्यूटराइज्ड लाइब्रेरी।
- वाई–फाई इंटरनेट युक्त कैंपस।
- एन०सी०सी० तथा एन०एस०एस० यूनिट।
- सी०सी०टी०वी० कैमरा युक्त सुरक्षा व्यवस्था।
- सेमीनारों तथा कार्यशालाओं का आयोजन।
- निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु जेनरेटर तथा सोलर पावर।
- आर०ओ० युक्त शुद्ध पेयजल की व्यवस्था।
- क्रीडा सामग्री सहित विशाल खेल का मैदान।
- अनुशासित तथा व्यवस्थित छात्रावास सुविधा।

